प्रादेशिक समाचार
दिनांक–15.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में चार दिनों तक भारी बारिश और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग का येलो अलर्ट, कई जगहों पर कल वर्षा से मची तबाही, प्रदेश में ठनका की चपेट में आने से 3 लोगों की हुई मौत।
2. झारखंड कैडर के सेवानिवृत आईएएस अधिकारी अमित खरे को मिली बड़ी जिम्मेदारी, उपराष्ट्रपति के बनाए गए सचिव।
3. पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन आदिवासी महासभा में हुए शामिल, राज्य सरकार पर आदिवासियों के हितों की अनदेखी का लगाया आरोप।
4. झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू का आज से सात दिवसीय दौरा, संगठन सृजन अभियान के तहत कार्यक्रम में होंगे शामिल।
5. महिला एशिया कप हॉकी में भारत ने जीता रजत पदक, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई, एशिया कप क्रिकेट में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया।

********************

राज्य में अगले चार दिनों के लिए गरज के साथ भारी बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है । मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण यह बदलाव हुआ है । रांची और राज्य के कई हिस्सों में कल हुई बारिश ने तबाही मचाई । किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा है । इधर राज्य में वज्रपात की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है इनमें दो की मौत बुढ़मू में और एक की लोहरदगा के भंडरा में हुई है । बुढ़मू में हेसलपीरी गांव के दो लोगों की मवेशी चराने के बाद घर लौटने के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई । वहीं लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के ग्राम बंडा में खेत में काम करने के दौरान एक किसान की ठनका की चपेट मे ंआने से मौके पर मौत हो गई । परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक सहयोग की मांग की है ।

********************

झारखंड कैडर के सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी अमित खरे को बड़ी जिम्मेदारी मिली है । श्री खरे उप–राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के सचिव पद पर नियुक्त किये गये हैं। इससे पहले श्री खरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार भी रह चुके हैं ।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिवाली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की स्वीकृति देकर प्रधानमंत्री का सपना साकार किया। इस क्रम में आज हम आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसे चिकित्सा उपकरणों और दवाओं के लिए किए गए सुधारों पर नज़र डालेंगे।

********************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने जमशेदपुर में आदिवासी महादरबार को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासियों को मईयां सम्मान अनुदान नहीं, बल्कि अपनी जमीन चाहिए। एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी समाज की एकजुटता और उनके संवैधानिक अधिकारों पर विमर्श किया गया। इसमें पेसा कानून, सीएनटी–एसपीटी एक्ट, भूमि अधिग्रहण, विस्थापन और आदिवासी सामाजिक संरचना जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। चंपाई सोरेन ने वर्तमान सरकार पर आदिवासियों के हितों की अनदेखी करने और उनकी जमीनों की लूट का आरोप लगाया। उन्होंने 22 दिसम्बर को भोगनाडीह में एक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

********************

आयकर रिटर्न दाखिल करने की आज अंतिम तारीख है। इसके अनुसार आप अपना आयकर रिटर्न आज रात बारह बजे तक ही भर सकते हैं। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित उस फर्जी खबर का खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया था कि आयकर रिटर्न –आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। सुचारू फाइलिंग और संबंधित सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए, आयकर विभाग ने बताया कि उसका हेल्पडेस्क 24 घंटे काम कर रहा है। विभाग ने आगे कहा कि कॉल, लाइव चौट, वेबएक्स सेशन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी सहायता प्रदान की जा रही है।

********************

झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू आज से सात दिवसीय झारखंड दौरे पर आएंगे। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने प्रदेश प्रभारी के झारखंड दौरे की जानकारी दी

********************

इस बीच एक बड़ी खबर आ रही है । झारखंड में नक्सल मोर्चे पर सुरक्षा बलों को एतिहासिक कामयाबी मिली है आज सुबह हजारीबाग जिले के करांडी गांव में हुई मुठभेड़ में तीन बड़े नक्सली कमांडर मारे गए हैं। एक करोड़ का इनामी नक्सली सहदेव सोरेन मार गिराया गया। इसके साथ ही 10 लाख का इनामी बिरसेन उर्फ रामखेलावन और 25 लाख का रघुनाथ उर्फ चंचल भी मारा गया।

********************

धनबाद में बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण के लिए प्रतिनियुक्त एजेंसी को बदला जाएगा। रांची से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसकी अनुशंसा की है।

********************

भारत ने एशिया कप क्रिकेट में पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया है। इस जीत से भारत की सुपर फ़ोर में पहुंचने की संभावना बढ़ गई है।

********************

भारत ने महिला एशिया हॉकी कप का रजत पदक जीत लिया है। हांग्चोओ में कल फाइनल में भारत को चीन से 1–4 से हार का सामना करना पडा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रजत पदक जीतने पर भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने टीम के प्रदर्शन की प्रशंसा की। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी टीम इंडिया को बधाई दी ।

********************

दुमका जिला खेलकूद संघ द्वारा आयोजित चार दिवसीय 15वीं इंडोर स्पोट्र्स प्रतियोगिता कल देर शाम भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हो गई। समापन समारोह में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पारितोषिक प्रदान किया गया।

********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पलामू में मुठभेड़ में इनामी उग्रवादी के ढेर होने की खबर के साथ एशिया कप क्रिकेट में भारत की पाक पर शानदार जीत को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अब सूर्या ब्रिगेड का ऑपरेशन सिंदूर , पाकिस्तान नतमस्तक , शीर्षक के साथ प्रभात खबर ने एशिया कप में भारत की जीत की सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– रांची से अब पूर्णिया के लिए भी उड़ान, कल से होगी शुरूआत।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– पलामू में मुठभेड़, पांच लाख का इनामी टीएसपीसी उग्रवादी ढेर।

दैनिक जागरण लिखता है सेवानिवृत आइएएस अमित खरे उपराष्ट्रपति के सचिव नियुक्त।

*********************